प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

14.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

"मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री ने कहा–सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने को प्रोत्साहन देगी राज्य सरकार।
- रामपुर का अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला सम्पन्न–मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित समेज व बाघी क्षेत्र को विशेष राहत पैकेज देने का किया ऐलान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटियों से पूरा देश ले रहा है सबक।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा–पार्टी हाईकमान से चर्चा के बाद प्रदेश में जल्द किया जाएगा राज्य कांग्रेस कमेटी का गठन।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने को प्रोत्साहित कर रही हैं। शिमला में आज ऊर्जा संबंधी विभागों की बैठक में उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने वाले युवाओं और उद्यमियों को प्रोत्साहन देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में परियोजनाएं स्थापित करने वाले उद्यमियों के आवेदनों पर त्वरित निर्णय लिया जा रहा है और उन्हें हर सम्भव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को ऊर्जा क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए नवोन्मेषी प्रयास करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में कुल 3 सौ मैगावॉट क्षमता की ग्राउंड मांउटिड सौर ऊर्जा परियोजनाएं आबंटित की गई हैं जिनमें से 62 मैगावॉट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

लवी मेला

रामपुर का अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आज आधिकारिक रूप से सम्पन्न हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने बरसात के दौरान बाढ़ प्रभावित समेज और बाघी क्षेत्र को विशेष राहत पैकेज देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा में जिन लोगों के घर पूरी तरह तबाह हो गए थे उन्हें सरकार की ओर से 7 लाख जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों की मुरम्मत के लिए मुआवजे के रूप में एक–एक लाख रूपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग बाढ़ में लापता हो गए हैं, राज्य सरकार उनके मृत्यु

प्रमाण पत्र तुरंत जारी करेगी और परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने रामपुर क्षेत्र में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे।

जगत सिंह नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से सेब के लिए यूनिवर्सल कार्टन लागू कर दिया है और इसके माध्यम से लघु व सीमांत बागवानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार कीटनाशकों व बागवानी उपकरणों पर उपदान दे रही है जिससे ग्रामीण आर्थिकी को बल मिला है। जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले की ठंगी पंचायत में लगभग 3 करोड़ 62 लाख रूपए से बनी सम्पर्क सड़क का उदघाटन किया और ठंगी गांव के लिए राज्य परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस मौके पर लोगों की शिकायतें भी सुनीं।

संजौली मस्जिद

जिला व सत्र न्यायालय शिमला ने संजौली मस्जिद मामले में स्थानीय लोगों को पार्टी बनाने की याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले पर आज अदालत में सुनवाई हुई और अदालत ने स्थानीय लोगों द्वारा दायर की गई उस अपील को अस्वीकार कर दिया जिसमें उन्हें पार्टी बनाने की मांग की गई थी। स्थानीय लोगों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता जगतपाल ने कहा कि उन्होंने अदालत के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा लेकिन इस मामले में उनके पार्टी बनने से कोई ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मुस्लिम पक्ष की ओर से नजाकत अली हाशमी ने जिला व सत्र न्यायालय में शिमला नगर निगम आयुक्त की अदालत के फैसले को चुनौती दी है। नगर निगम आयुक्त ने मस्जिद की तीन मंजिल को हटाने के आदेश जारी किए थे। इस मामले पर अदालत में अगली सुनवाई 18 नवम्बर को होगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू जिले के निरमंड में सीवरेज योजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और स्थानीय कॉलेज भवन का निर्माण भी जल्द करवाया जाएगा। निरमंड में आज पीएमश्री राजमाता शांति देवी राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने कहा कि निरमंड की प्रस्तावित सीवरेज योजना पर 28 करोड़ की लागत आएगी। विक्रमादित्य सिंह ने निरमंड क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

राजीव भारद्वाज

सांसद राजीव भारद्वाज ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने लोगों से बड़े–बड़े वायदे किए थे लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार उन्हें भुला चुकी है।

राजीव भारद्वाज ने प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा सीपीएस मामले पर दिए गए निर्णय को एतिहासिक बताते हुए कहा कि इसकी गूंज पूरे देश में जाएगी।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटियों से पूरा देश सबक ले रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक ऐसी सरकार बन गई है जो विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटियों के विपरीत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 12 हजार से अधिक लोगों को नौकरी से निकाल दिया और अनेक अनुमोदित पदों को भी समाप्त कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आर्थिक स्थिति खस्ताहाल है और कर्मचारियों को ये भरोसा नहीं होता कि उनका अगले महीने का वेतन आएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी शिकायतें कर रहे हैं कि उनके जीपीएफ के बिल पास नहीं हो रहे हैं और वे आवश्यकता पड़ने पर अपना जीपीएफ नहीं निकाल पा रहे हैं।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर वो जल्द ही पार्टी हाईकमान और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला से भेंट कर विचार विमर्श करेंगी। शिमला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार–विमर्श करने के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में पहले भी सीपीएस की नियुक्तियां होती रही हैं और इस मामले में सरकार आगे की रणनीति तय करेगी। उन्होंने कहा कि सीपीएस मामले पर अदालत के फैसले से सरकार को कोई खतरा नहीं है और भाजपा इस बारे मे तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है।

बाल दिवस

आज बाल दिवस है। ये दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी पार्टी नेताओं ने पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे और इसीलिए उनकी जयन्ती को बाल दिवस के रूप में

मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में पंडित जवाहर लाल नेहरू के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

गोमा

आयुष मंत्री यादविन्दर गोमा ने कहा है कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और लगभग 4 हजार निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित किया गया है। कांगड़ा जिले के सलियाणा में आज बाल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रत्येक निराश्रित बच्चे को राज्य सरकार की ओर से हर महीने 4 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। यादविन्दर गोमा ने इस मौके पर बच्चों को सम्मानित भी किया।

शहीद

मण्डी जिले में सदर तहसील के बग्गी गांव के हवलदार सुरेश कुमार लेह–लद्दाख में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए हैं। वे भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट में तैनात थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुरेश कुमार की शहादत पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि हवलदार सुरेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

कंगना रणौत

मण्डी की सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि कुल्लू जिले की लग घाटी में जल्द ही फिल्मों की शूटिंग की जाएगी। उन्होंने आज लग घाटी के भलयाणी में एक जनसभा को सम्बोधित किया। कंगना रणौत ने कहा कि लग घाटी का प्राकृतिक सौंदर्य सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है और यहां फिल्मों की शूटिंग के लिए फिल्म प्रोडक्शन हाउस के साथ बात की जाएगी। भाजपा सांसद ने कहा कि लग घाटी और जोगिन्दर नगर को जोड़ने वाली भुभू टनल का निर्माण भी जल्द किया जाएगा और ये मामला केन्द्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के ध्यान में है।

गुरू नानक जयंती

सिक्खों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी की कल जयंती है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को गुरू नानक जयंती पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि गुरू नानक देव जी ने लोगों को एकता, समरसता और सदभाव का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि गुरू नानक देव जी ने पूरे विश्व को शांति और साम्प्रदायिक सदभाव का संदेश दिया। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी लोगों को गुरू नानक जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

''मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री ने कहा—सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने को प्रोत्साहन देगी राज्य सरकार।
- रामपुर का अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला सम्पन्न—मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित समेज व बाघी क्षेत्र को विशेष राहत पैकेज देने का किया ऐलान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा—हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटियों से पूरा देश ले रहा है सबक।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा—पार्टी हाईकमान से चर्चा के बाद प्रदेश में जल्द किया जाएगा राज्य कांग्रेस कमेटी का गठन।